"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि.से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/सी. ओ./रायपुर/17/2002."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 41] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 11 अक्टूबर, 2002—आश्विन 19, शक 1924

विषय—सूची

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 29 अगस्त 2002

क्रमांक 2313/1818/2002/1/2.—श्री एस. के. कुजूर, भा. प्र. से. (1986), संचालक, लोक शिक्षण एवं अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल को स्थायी रूप से आगामी आदेश तक पदेन सचिव, शिक्षा विभाग घोषित किया जाता है.

रायपुर, दिनांक 2 सितम्बर 2002

क्रमांक एफ 02-13/2001/1-8.—श्री जे. के. एस. राजपूत, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, राजनांदगांव, जिनकी सेवाएं विधि एवं विधायी कार्य विभाग द्वारा इस विभाग को सौंपी जा रही है, को कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से, अस्थाई रूप से, आगामी आदेश तक स्थानापन्न सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, विधि एवं विधायी कार्य विभाग पदस्थ किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरूण कुमार, मुख्य सचिव.

नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2002.

रायपुर, दिनांक 19 सितम्बर 2002

क्रमांक एफ-1-2/2002/1-8/स्था.—श्री एम. डी. दीवान, रा. प्र. से., स्थानापन्न विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, छत्तीसगढ़ मंत्रालय, जल संसाधन विभाग को कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से, अस्थाई रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पदस्थ किया जाता है.

2. उपर्युक्तानुसार श्री दीवान द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के फलस्वरूप श्री एच. यू. खान, अवर सचिव, पुनर्वास, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास (अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण) विभाग, अवर सचिव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यभार से मुक्त होंगे.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
पंकज द्विवेदी, प्रमुख सचिव.

रायपुर, दिनांक 3 सितम्बर 2002

क्रमांक एफ 8-45/2002/1/5.—म. प्र. पुनर्गठन अधिनियम, 2000 (क्र. 28 सन् 2000) की धारा 79 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, निम्नलिखित आदेश बनाती है, अर्थात् :—

आदेश

1. (1) इस आदेश का संक्षिप्त नाम विधियों का अनुकूलन आदेश, 2002 है.

   (2) यह 1 नवम्बर, 2000 के प्रथम दिन से संपूर्ण छत्तीसगढ राज्य में प्रवृत्त होगा.

2. समय-समय पर यथा संशोधित ऐसी विधियां जो इस आदेश की अनुसूची में विनिर्दिष्ट है और जो छत्तीसगढ़ राज्य की संरचना के अव्यवहित पूर्व मध्यप्रदेश राज्य में प्रवृत्त थी, एतद्द्वारा तब तक विस्तारित तथा प्रवृत्त रहेंगे जब तक कि वे निरसित या संशोधित न कर दी जाए. उपान्तरणों के अध्यधीन रहते हुए समस्त विधियों में शब्द "मध्यप्रदेश" जहां कहीं भी वे आए हों, के स्थान पर शब्द "छत्तीसगढ़" स्थापित किए जाएं.

3. अनुसूची में विनिर्दिष्ट विधियों के द्वारा या उसके अधीन प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए कोई भी बात या की गयी कोई कार्यवाही (किसी नियुक्ति, अधिसूचना, सूचना, आदेश, प्रारूप, विनियम, प्रमाण-पत्र या अनुज्ञप्ति को सम्मिलित करते हुए) छत्तीसगढ़ राज्य में लगातार प्रवृत्त रहेंगी.

अनुसूची

अनुक्रमांक (1)	विधियों के नाम (2)
1.	मध्यप्रदेश तथा मध्यावर्त अधिवास नियम, 1997.
2.	आयुक्त, मध्यप्रदेश कार्यालय, मध्यप्रदेश शासन, नई दिल्ली, (राजपत्रित) सेवा भरती नियम, 2000.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
पी. सी. सूर्य, उप-सचिव.

रायपुर, दिनांक 3 सितम्बर 2002

क्रमांक एफ 8-45/2002/1/5.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में इस विभाग के आदेश क्रमांक एफ 8-45/2002/1/5, दिनांक 3-9-2002 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
पी. सी. सूर्य, उप-सचिव.

Raipur, the 3rd September 2002

No. F 8-45/2002/1/5.—In exercise of the powers conferred by Section 79 of the Madhya Pradesh Reorganisation Act, 2000 (No. 28 of 2000). The State Government hereby makes the following orders, namely :—

ORDER

1. (1) This order may be called the Adaptation of laws order, 2002.

   (2) It shall come into force in the whole State of Chhattisgarh on the 1st day of November, 2000.

2. The laws as amended from time to time, specified in the Schedule to this order, which were in force in the state of Madhya Pradesh immediately before in the formation of the State of Chhattisgarh,

are hereby extended to and shall be in force in the state of Chhattisgarh until repealed or amended. Subject to the modification that in all the laws for the words "Madhya Pradesh" wherever they occur the word "Chhattisgarh" shall be substituted.

3. Anything done or any action taken (including any appointment, notification, notice, order, form, rule, regulation, certificate or license) in exercise of the powers conferred by or under the laws specified in the schedule shall continue to be in force in the state of Chhattisgarh.

SCHEDULE

S. No. (1)	Name of the laws (2)
1.	Madhya Pradesh and Madhavart Adhivas Rules, 1997.
2.	Madhya Pradesh Office of the Commissioner Government of Madhya Pradesh at New Delhi (Gazetted) Service Recruitment Rules, 2000.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,
P. C. SURYA, Deputy Secretary.

रायपुर, दिनांक 3 सितम्बर 2002

क्रमांक एफ-6-11/2002/1/5.—म. प्र. पुनर्गठन अधिनियम, 2000 (क्र. 28 सन् 2000) की धारा 79 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार एतद्द्वारा निम्नलिखित आदेश बनाती है, अर्थात् :—

आदेश

1. (1) इस आदेश का संक्षिप्त नाम नियमों का अनुकूलन आदेश, 2002 है.

(2) यह नवम्बर, 2000 के प्रथम दिन से संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य पर प्रवृत्त होगा.

2. समय-समय पर यथा संशोधित ऐसी विधियां जो इस आदेश की अनुसूची में विनिर्दिष्ट है और जो छत्तीसगढ़ राज्य की संरचना के अव्यवहित पूर्व मध्यप्रदेश राज्य में प्रवृत्त थी, एतद्द्वारा तब तक छत्तीसगढ़ राज्य में विस्तारित की जाती है तथा प्रवृत्त रहेंगी जब तक कि वे निरसित या संशोधित न कर दी जाएं. ऐसे उपांतरणों के अध्यधीन रहते हुए समस्त नियमों में शब्द "मध्यप्रदेश" जहां कहीं भी आया हो, के स्थान पर शब्द "छत्तीसगढ़" स्थापित किया जाय.

3. अनुसूची में विनिर्दिष्ट विधियों के द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये कोई भी बात या की गई कार्यवाही (किसी नियुक्ति, अधिसूचना, सूचना, आदेश, नियम, प्रारूप, विनियम, प्रमाणपत्र व अनुज्ञप्ति को सम्मिलित करते हुए) छत्तीसगढ़ राज्य में लगातार प्रवृत्त रहेंगी.

अनुसूची

अनुक्रमांक (1)	विधि का नाम (2)
1.	मध्यप्रदेश राज्य अतिथि नियम, 1958.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
पी. सी. सूर्य, उप-सचिव.

रायपुर, दिनांक 3 सितम्बर 2002

क्रमांक एफ 6-11/2002/1/5.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में इस विभाग के आदेश क्रमांक एफ-6-11/2002/1/5, दिनांक 3-9-2002 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
पी. सी. सूर्य, उप-सचिव.

Raipur, the 3rd September 2002

No. F-6-11/2002/1/5.—In exercise of the power conferred by Section 79 of the Madhya Pradesh Reorganisation Act, 2000 (No. 28 of 2000). The State Government hereby makes the following orders, namely :—

ORDER

1. (1) This order may be called the Adaptation of Laws Order, 2002.

(2) It shall come into force in the whole State of Chhattisgarh on the 1st of November, 2000.

2. The laws as amended from time to time, specified in the schedule to this order, which were in force in the State of Madhya Pradesh immediately before in the formation of the State of Chhattisgarh, are hereby extended to and shall be in force in the State of Chhattisgarh until repealed or amended. Subject to the modification that in all the laws for the words "Madhya Pradesh" wherever they occur the word "Chhattisgarh" shall be substituted.

3. Anything done or any action taken (including any appointment, notification, notice, order, form, rule, regulation, certificate or licence) in exercise of the powers conferred by or under the laws specified, in the schedule shall continue to be in force in the State of Chhattisgarh.

SCHEDULE

No. (1)	Name of the Laws (2)
1.	Madhya Pradesh State Guest Rules, 1958.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,
P. C. SURYA, Deputy Secretary.

रायपुर, दिनांक 17 सितम्बर 2002

क्रमांक एफ-5-1/2001/1/6.—राज्य शासन, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक 240/264/2001/1/6, दिनांक 15-10-2001 के अनुक्रम में ग्राम अचानकमार थाना कोटा जिला बिलासपुर में घटित घटना की न्यायिक जांच हेतु गठित आयोग के कार्यकाल में दिनांक 18-9-2002 से दो माह की अवधि की वृद्धि किए जाने की स्वीकृति प्रदान करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
पी. सी. सूर्य, उप-सचिव.

ऊर्जा विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 29 जुलाई 2002

क्रमांक 96/स./ऊ. वि./2002.—राज्य सरकार, ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 की धारा 15 (डी) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य में इस अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने, समन्वय व विनियमन संबंधी उत्तरदायित्वों के निर्वहन के लिए "छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी" (क्रेडा) को "विहीत एजेंसी" नामित करती है.

यह अधिसूचना तत्काल प्रभाव से प्रवृत्त मानी जाएगी.

Raipur, the 29th July 2002

No. 96/Energy dept./2002.—In exercise of the powers conferred by Section 15 (d) of the Energy Conservation Act, 2001, the State Government hereby designates "Chhattisgarh State Renewable Energy Development Agency" (CREDA) as designated agency to coordinate, regulate and enforce provisions of Energy Conservation Act, 2001 within the state of Chhattisgarh.

This notification will come in to force with immediate effect.

रायपुर, दिनांक 29 अगस्त 2002

विषय :—छत्तीसगढ़ राज्य में लघु जल विद्युत परियोजनाओं के प्रोत्साहन हेतु विभिन्न सुविधाओं तथा पारदर्शी आवंटन प्रक्रिया के लिये नीति-निर्देश.

क्रमांक 131/ऊर्जा/2002.—राज्य शासन, ऊर्जा विभाग द्वारा अधिसूचना क्रमांक 38, दिनांक 8-4-2002 द्वारा राज्य में अपारम्परिक ऊर्जा स्रोतों पर आधारित विद्युत उत्पादन संयंत्रों को दी जाने वाली सुविधाओं संबंधी विस्तृत दिशा-निर्देश प्रसारित किये गये हैं.

प्रदूषण रहित स्वच्छ ऊर्जा के रूप में लघु जल विद्युत परियोजनाओं में निवेशकों को आकर्षित करने एवं पारदर्शी आवंटन प्रक्रिया के उद्देश्य से 10 मेगावॉट क्षमता तक की लघु जल विद्युत

परियोजनाओं हेतु राज्य शासन एतद्द्वारा निम्नानुसार नीति-निर्देश जारी करता है :—

1. **लघु जल विद्युत परियोजनाओं हेतु निवेश**

इन परियोजनाओं का विकास नोडल एजेन्सी (क्रेडा) द्वारा सामान्यत: निजी निवेश से कराया जायेगा. किन्तु जहां उचित हो वहां नोडल एजेन्सी द्वारा स्वयं के स्रोतों से अथवा संयुक्त निवेश के द्वारा भी विकास किया जा सकेगा. छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल भी आवश्यकता अनुसार इन परियोजनाओं का विकास कर सकेगा.

2. **परियोजना स्थानों का चिन्हीकरण**

नोडल एजेन्सी परियोजना के लिये उपयुक्त संभाव्य स्थानों का प्राथमिक चयन कर राष्ट्रीय स्तर पर विज्ञापन के माध्यम से इच्छुक उद्यमियों से आवेदन आमंत्रित करेगी. इच्छुक उद्यमी स्वयं भी योग्य स्थानों का चयन कर आवेदन देने के लिये स्वतंत्र होंगे, बशर्ते कि ऐसे स्थान शासन द्वारा सिंचाई अथवा पेयजल के लिये आरक्षित न हों. नोडल एजेन्सी द्वारा आवश्यकतानुसार संबंधित विभाग से सहमति/अनापत्ति ली जायेगी.

3. **आवेदन एवं प्रोसेसिंग शुल्क**

उद्यमी/उद्यमी इकाई से नोडल एजेन्सी द्वारा परियोजना हेतु आवेदन शुल्क रुपये 5 प्रति किलोवॉट या रुपये 10,000 इसमें से जो भी अधिक हो, लिया जायेगा, जो वापस नहीं किया जाएगा.

आवेदन शुल्क के अलावा उद्यमी/उद्यमी इकाई से नोडल एजेन्सी द्वारा प्रोसेसिंग शुल्क रुपये 25 प्रति कि. वा. अथवा रुपये 25,000 जो भी अधिक हो, भी लिया जायेगा जो परियोजना के आवंटित न होने पर वापिस दिया जाएगा.

4. **पात्रता की शर्तें एवं आवंटन के आधार**

नोडल एजेंसी द्वारा आवंटन के आधार निम्नानुसार होंगे :—

4.1 आवेदक भारतीय नागरिक हो. कम्पनी होने की दशा में इकाई भारत में पंजीकृत होनी चाहिए.

4.2 आवेदक/आवेदक कम्पनी को इस कार्य का पूर्व अनुभव होना चाहिये व तकनीकी दृष्टि से सक्षम होना चाहिये तथा आवेदक/आवेदक कम्पनी आर्थिक दृष्टि से सक्षम (Viable) होनी चाहिए.

4.3 यदि आवेदक/आवेदक कम्पनी द्वारा परियोजना का लाभ अविद्युतीकृत ग्रामों को दिया जाता है और इस हेतु विद्युत व्हीलिंग के लिये व्यवस्था भी परियोजना का एक अंग हो तो ऐसी आवेदक/आवेदक कम्पनी को प्राथमिकता दी जाएगी.

4.4 एजेन्सी द्वारा निविदा से बुलाए स्थान के लिये एक से अधिक पात्र इकाइयों के आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में आवंटन पैरा-4.3. एवं 4.4 के आधार पर बनाई गई मेरिट लिस्ट के आधार पर किया जायेगा.

4.5 आवेदक/आवेदक कम्पनी द्वारा स्वेच्छा से चयनित एक ही स्थान हेतु एक से अधिक पात्र आवेदन प्राप्त होने पर आवंटन "पहले आओ पहले पाओ" नीति पर आधारित होगा.

5. **विद्युत व्हीलिंग**

उद्यमी द्वारा परियोजना स्थान पर उत्पादित विद्युत का स्व-उपभोग (कैप्टिव कंजम्प्शन) हेतु प्रदेश में कहीं भी अन्यत्र स्थित थर्ड पार्टी अथवा सिस्टर कन्सर्न इकाई को छ. रा. वि. मण्डल के ग्रिड से व्हील किया जा सकेगा. विद्युत व्हीलिंग शुल्क का निर्धारण छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल द्वारा नियमानुसार निर्धारित किया जाएगा. यदि उपभोक्ता की इकाई किसी अन्य राज्य में हो तो दोनों राज्य विद्युत मण्डलों द्वारा व्हीलिंग की दर नियमानुसार निर्धारित की जायेगी.

6. **अतिशेष विद्युत का विद्युत मण्डल को विक्रय**

उद्यमी द्वारा प्रतिमाह उत्पादित विद्युत में से स्वयं के उपभोग (कैप्टिव कंजम्प्शन) तथा किसी अन्य नामित इकाई (थर्ड पार्टी) को वास्तविक विक्रय के उपरान्त अतिशेष विद्युत का क्रय छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल द्वारा रुपये 2.25 प्रति यूनिट की दर पर अनिवार्य रूप से किया जायेगा. क्रय की दर में परिवर्तन शासन द्वारा समय-समय पर किया जा सकेगा.

7. **ग्रिड इंटरफेसिंग/पारेषण (ट्रांसमिशन) लाइन के व्यय का वहन**

ग्रिड इन्टरफेसिंग के लिये आवश्यक पारेषण लाइन की दो किलोमीटर तक की दूरी का स्थापना व्यय उद्यमी द्वारा स्वयं वहन किया जायेगा तथा इससे अधिक दूरी की स्थापना का व्यय उद्यमी तथा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल द्वारा समानुपात में (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल द्वारा अधिकतम 5 कि.मी. तक) किया जायेगा, परन्तु कार्य स्थल पर सब-स्टेशन के लिये आवश्यक संयंत्र तथा अन्य व्यय उद्यमी द्वारा ही वहन किया जायेगा. पारेषण लाइन की स्थापना उपरोक्तानुसार उद्यमी के व्यय पर विद्युत मण्डल द्वारा ही की जायेगी.

8. **जल रायल्टी**

जल रायल्टी, जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समय-समय पर निर्धारित दरों के अनुसार देय होगी.

9. विद्युत शुल्क

ऊर्जा विभाग की अधिसूचना क्रमांक 38, दिनांक 8-4-2002 द्वारा घोषित ऊर्जा नीति के अनुसार लघु जल विद्युत परियोजनाओं से उत्पादित विद्युत पर प्रथम पांच वर्ष तक विद्युत शुल्क देय नहीं होगा.

10. भूमि आवंटन

परियोजना हेतु आवश्यक भूमि का आवंटन छत्तीसगढ़ औद्योगिक विनिवेश प्रोत्साहन अधिनियम, 2002 में प्रावधानित जिला/संभाग/राज्य स्तरीय समिति/बोर्ड द्वारा किया जाएगा.

11. परियोजना क्रियान्वयन हेतु समय-सीमा

11.1 उद्यमी के द्वारा प्रस्तुत विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डी. पी. आर.) की स्वीकृति के अधिकतम तीन वर्ष की अवधि में परियोजना का क्रियान्वयन आवश्यक होगा.

11.2 कार्य के विभिन्न चरणों की समय-सीमायें क्रेडा द्वारा डी.पी.आर. की स्वीकृति के समय निर्धारित की जायेंगी.

11.3 विभिन्न चरणों हेतु निर्धारित समय-सीमा अनुसार प्रगति नहीं होने अथवा तीन वर्ष की अवधि में उत्पादन प्रारंभ नहीं होने की दशा में उद्यमी को दी गई अनुमति क्रेडा द्वारा निरस्त की जा सकेगी. अपरिहार्य कारणों से परियोजना का क्रियान्वयन पूर्ण नहीं होने पर समयावधि में क्रेडा द्वारा वृद्धि भी की जा सकेगी.

12. आवंटन का स्थानान्तरण

आवंटी द्वारा अन्य किसी व्यक्ति को कार्य स्थल स्थानान्तरित नहीं किया जायेगा. यदि आवंटी एक कम्पनी है तो वास्तविक प्रमोटर इक्विटी अंश का वास्तविक हिस्सा अहस्तांतरित रखेगा. संयंत्र स्थापित होने के उपरान्त नोडल एजेन्सी की स्वीकृति के बाद ही किसी अन्य को स्थानान्तरित किया जा सकेगा.

13. अन्तर्विभागीय समन्वय हेतु समिति

लघु जल विद्युत परियोजनाओं हेतु शासन के विभिन्न विभागों द्वारा दी जाने वाली सहमतियों/अनापत्तियों तथा अन्तर्विभागीय समन्वय का कार्य छत्तीसगढ़ औद्योगिक विनिवेश अधिनियम, 2002 में प्रावधानित जिला/संभाग/राज्य स्तरीय समिति/बोर्ड द्वारा किया जायेगा.

14. ये नीति-निर्देश राजपत्र में प्रकशन की तिथि से पांच साल तक प्रभावी रहेंगे.

रायपुर, दिनांक 29 अगस्त 2002

विषय :—छत्तीसगढ़ राज्य में केप्टिव पॉवर प्लांट की स्थापना हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश में संशोधन.

क्रमांक 3286/स./ऊ. वि./2002.—छत्तीसगढ़ शासन, ऊर्जा विभाग द्वारा पूर्व में जारी अधिसूचना क्रमांक 2714/स./ऊ.वि./2002 रायपुर दिनांक 12 जुलाई 2002 में बिन्दु क्रमांक 12, जो 'केप्टिव पॉवर प्लांट से उत्पादित विद्युत पर उपकर' लागू करने के संबंध में है, को विलोपित किया जाता है.

यह अधिसूचना 12 जुलाई 2002 से प्रभावशील होगी.

रायपुर, दिनांक 7 सितम्बर 2002

विषय :— छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष व सदस्य/सदस्यों की सेवा शर्तों में संशोधन.

क्रमांक 3452/स./ऊ.वि./2002.—छत्तीसगढ़ शासन, ऊर्जा विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष व सदस्य/सदस्यों की सेवा शर्तों के संदर्भ में छत्तीसगढ़ शासन,ऊर्जा विभाग द्वारा पूर्व में जारी अधिसूचना क्रमांक 1114/स./ऊ.वि./2002 रायपुर, दिनांक 19-3-2002 में 1 (अ) के अंतर्गत अध्यक्ष व सदस्य को देय वेतन के प्रावधानों को विलोपित कर उसके स्थान पर निम्न प्रावधान अधिसूचित किया जाता है :—

प्रावधान 1 (अ) अध्यक्ष व सदस्य का वेतन :—

अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग का वेतन राज्य शासन के प्रमुख सचिव/सचिव (अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के पूर्व के वेतन के आधार पर) के वेतनमान के अनुरूप होगा.

सदस्य, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग का वेतन राज्य शासन के सचिव स्तर के वेतनमान के अनुरूप होगा.

यदि अध्यक्ष/सदस्य पूर्व में भारत सरकार, अथवा किसी राज्य सरकार की सेवा से सेवानिवृत्त हुआ हो एवं पूर्व सेवा के लिये पेंशन प्राप्त कर रहा हो तो उन्हें अंतिम वेतन से पेंशन की राशि कम कर अथवा अध्यक्ष/सदस्य के वेतनमान से पेंशन की राशि कम करते हुए उनमें से जो भी अधिक हो वेतन निर्धारित किया जायेगा.

2. उक्त अधिसूचना दिनांक 19-3-2002 के शेष प्रावधान यथावत रहेंगे.

3. यह अधिसूचना पूर्व में जारी अधिसूचना के दिनांक से प्रभावशील मानी जाएगी.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अजय सिंह, सचिव.

रायपुर, दिनांक 13 सितम्बर 2002

क्रमांक 148/44/ऊर्जा.वि./2002.—इस विभाग के आदेश क्रमांक 2067/243/ऊर्जा/2001 दिनांक 14-9-2001 तथा आदेश क्रमांक 187/243/ऊर्जा/2001 दिनांक 22-9-2001 द्वारा श्री शरत चन्द्र को छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल में सदस्य (पारेषण एवं वितरण) के रूप में एक वर्ष की अवधि हेतु संविदा नियुक्ति प्रदान की गई थी, यह अवधि दिनांक 13-9-2002 को समाप्त होने फलस्वरूप राज्य शासन एतद्द्वारा श्री शरत चन्द्र को 6 माह की अवधि हेतु सदस्य (पारेषण एवं वितरण) छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल, के पद पर पुन: संविदा नियुक्ति प्रदान करता है.

2. सेवा शर्तें यथावत पूर्ववत रहेगी.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. एन. ध्रुव, संयुक्त सचिव.

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 24 अगस्त 2002

क्रमांक 3287/2925/2002/17.—मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2000 (क्रमांक 28 सन् 2000) की धारा 79 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये राज्य सरकार एतद्द्वारा निम्नलिखित आदेश बनाती है, अर्थात् :—

आदेश

1. (1) इस आदेश का संक्षिप्त नाम विधियों का अनुकूलन आदेश, 2002 है.

(2) यह नवम्बर 2000 के प्रथम दिन से संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य पर प्रवृत्त होगा.

2. समय-समय पर यथा संशोधित ऐसी विधियां जो इस आदेश की अनुसूची में विनिर्दिष्ट हैं और जो छत्तीसगढ़ राज्य की संरचना के अव्यवहित पूर्व मध्यप्रदेश राज्य में प्रवृत्त थीं, एतद्द्वारा तब तक विस्तारित तथा प्रवृत्त रहेंगी जब तक कि वे निरसित या संशोधित न कर दी जायें. उपांतरणों के अध्यधीन रहते हुये समस्त विधियों में शब्द "मध्यप्रदेश" जहां कहीं भी आये हों, के स्थान पर "छत्तीसगढ़" स्थापित किये जायें.

3. अनुसूची में विनिर्दिष्ट विधियों के या उसके अधीन प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये कोई भी बात या की गयी कोई कार्रवाई (किसी नियुक्ति, अधिसूचना, सूचना, आदेश, नियम, प्रारूप, विनियम, प्रमाण-पत्र या अनुज्ञप्ति को सम्मिलित करते हुये) छत्तीसगढ़ राज्य में लगातार प्रवृत्त रहेंगी.

अनुसूची

अनुक्रमांक (1)	विधियों के नाम (2)
1.	मध्यप्रदेश चिकित्सा शिक्षा (राजपत्रित) सेवा भरती नियम, 1987.
2.	मध्यप्रदेश लोक स्वास्थ्य (भारतीय चिकित्सा पद्धति तथा होम्योपैथी) (राजपत्रित) सेवा भरती नियम 1987.
3.	मध्यप्रदेश लोक स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण (राजपत्रित) सेवा भरती नियम, 1988.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
प्रमोद सिंह, उप-सचिव.

रायपुर, दिनांक 24 अगस्त 2002

क्रमांक 3288/2925/2002/17.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खंड (3) के अनुसरण में इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक 3287/2925/2002/17 दिनांक 24-8-2002 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
प्रमोद सिंह, उप-सचिव.

Raipur, the 24th August 2002

No. 3287/2925/2002/17.—In exercise of the powers conferred by Section 79 of the Madhya Pradesh Reorganisation Act, 2000 (No. 28 of 2000), the State Government hereby, makes the following orders, namely :—

ORDER

1. (1) This order may be called the Adaptation of Laws Order, 2002.

   (2) It shall come into force in the whole State of Chhattisgarh on the 1st day of November 2000.

2. The Laws, as amended from time to time specified in the schedule to this order, which were in force in the State of Madhya Pradesh immediately before the formation of the State of Chhattisgarh, are hereby extended to and shall be in force in the State of the Chhattisgarh until repealed or amended. Subject to the modification that in the Laws for the words "Madhya Pradesh" wherever they occur the word "Chhattisgarh" shall be substituted.

3. Anything done or any action taken (including any appointment, notification, notice, order, rule, form, regulation, certificate or license) in exercise of the powers conferred by or under the Laws specified in the schedule shall continue to be in force in the State of Chhattisgarh.

SCHEDULE

S.No. (1)	Name of the Law. (2)
1.	The Madhya Pradesh Medical Education (Gazetted) Service Recruitment Rules, 1987.
2.	The Madhya Pradesh Public Health (Indian System of Medicine and Homoeopathy) (Gazetted) Service Recruitment Rules, 1987.
3.	The Madhya Pradesh Public Health and Family Welfare (Gazetted) Service Recruitment Rules, 1988.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,
PRAMOD SINGH, Deputy Secretary.

समाज कल्याण विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 11 सितम्बर 2002

क्रमांक/स.क./सु.से./2002/1064.—राज्य शासन द्वारा किशोर न्याय (बालको की देखरेख तथा संरक्षण) अधिनियम, 2000 (2000 का 56) के अंतर्गत विभागीय आदेश क्रमांक/स.क./सु.से./2002/2280, दिनांक 26-7-2002 में आंशिक संशोधन करते हुए राज्य स्तरीय चयन समिति के अध्यक्ष के पद पर डॉ. एस. सी. मजूमदार, आई.ए.एस. सेवानिवृत्त प्रमुख सचिव को अध्यक्ष मनोनीत किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. एल. अग्रवाल, विशेष सचिव.

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, जनशक्ति नियोजन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 27 सितम्बर 2002

क्रमांक एफ 73/105/उशि/02.—छत्तीसगढ़ निजी क्षेत्र विश्वविद्यालय (स्थापना और विनियमन) अधिनियम, 2002 की धारा 5 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा/तकनीकी शिक्षा के विस्तार हेतु राज्य सरकार एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशित होने की तारीख से एक विश्वविद्यालय को स्थापित करती है, जो "दी आई सी एफ ए आई यूनिवर्सिटी रायपुर" कहलायेगा एवं इस विश्वविद्यालय का क्षेत्राधिकार संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में होगा.

2. इस विश्वविद्यालय का मुख्यालय रायपुर (छ. ग.) में होगा.

3. राज्य शासन एतद्द्वारा "दी आई सी एफ ए आई यूनिवर्सिटी रायपुर" को ऐसे पाठ्यक्रमों के संचालन एवं उपाधि, पत्रोपाधि एवं सम्मान देने की मान्यता या अधिकारिता प्रदान करता है, जिन्हें कि तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य नियम के अंतर्गत यदि आवश्यक है, तो विश्वविद्यालय ने मान्यता अथवा अधिकारिता प्राप्त कर ली हो.

Raipur, the 27th September 2002

No. F-73/105/HE/02.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 5 of the Chhattisgarh Niji Kshetra Vishwavidyalaya (Sthapana Aur Viniyaman) Adhiniyam, 2002 (No. 2 of 2002) for extension of Higher/Technical Education in Chhattisgarh, hereby, establishes a university known as " THE ICFAI UNIVERSITY, RAIPUR" with effect from the date of publication of this notification in the Chhattisgarh Gazette and the jurisdiction of the University shall extend over whole of Chhattisgarh.

2. The Head Office of the University shall be at Raipur (C. G.).

3. The State Government, hereby, authorises "THE ICFAI UNIVERSITY, RAIPUR" to conduct the syllabus and to grant degree or diplomas for which it shall be recognised or authorised as may be required under any other law for the time being in force.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,
S. P. TRIVEDI, Secretary.

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 21 अगस्त 2002

क्रमांक 2071/1138/2002/11/वा.उ.—इंडियन बॉयलर्स एक्ट, 1923 की धारा 34 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य शासन मे. हंसदेव ताप विद्युत गृह छ. ग. विद्युत मण्डल, कोरबा के बायलर क्रमांक एम. पी./3657 को निम्नलिखित शर्तों पर उक्त अधिनियम की धारा 6 (सी) के उपबंधों के प्रवर्तन से दिनांक 17-7-2002 से दिनांक 16-8-2002 तक के लिए 1 माह की छूट देता है :—

(1) संदर्भाधीन बॉयलर को पहुंचने वाली किसी भी हानि की सूचना भारतीय बॉयलर अधिनियम, 1923 की धारा 18 (1) की अपेक्षानुसार तत्काल बॉयलर निरीक्षक/मुख्य निरीक्षक वाष्पयंत्र, छत्तीसगढ़ को दी जावेगी एवं दुर्घटना होने के दिनांक से छूट की मान्यता समाप्त समझी जावेगी.

(2) उक्त अधिनियम की धारा 12 तथा 13 की अपेक्षानुसार मुख्य निरीक्षक वाष्पयंत्र, छत्तीसगढ़ के पूर्वानुमोदन के बिना संदर्भाधीन बॉयलर में किसी प्रकार का संरचनात्मक परिवर्तन अथवा नवीनीकरण नहीं किया जावेगा.

(3) संदर्भाधीन बॉयलर का सरसरी दृष्टि से निरीक्षण किये जाने पर यदि वह खतरनाक स्थिति में पाया गया तो यह छूट समाप्त हो जावेगी.

(4) नियतकालिक सफाई और नियमित रूप से गैस निकालने (रेग्युलर ब्लोडाउन) का कार्य किया जावेगा और उसका अभिलेख रखा जावेगा.

(5) मध्यप्रदेश बॉयलर निरीक्षण नियम 1969 के नियम 6 की अपेक्षानुसार संदर्भाधीन बॉयलर के संबंध में वार्षिक निरीक्षण शुल्क देय होने पर अग्रिम दी जावेगी, एवं

(6) यदि राज्य शासन आवश्यक समझे तो प्रश्नांकित छूट में संशोधन कर सकता है अथवा उसे वापस ले सकता है.

रायपुर, दिनांक 26 अगस्त 2002

क्रमांक 2097/1179/2002/11/वा.उ.—इंडियन बॉयलर्स एक्ट, 1923 की धारा 34 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य शासन मे. छ. ग. राज्य विद्युत मण्डल, कोरबा (पूर्व) के बॉयलर क्रमांक एम. पी./4297 को निम्नलिखित शर्तों पर उक्त अधिनियम की धारा 6 (सी) के उपबंधों के प्रवर्तन से दिनांक 16-7-2002 से दिनांक 31-8-2002 तक के लिए 1 1/2 माह की छूट देता है :—

(1) संदर्भाधीन बॉयलर को पहुंचने वाली किसी भी हानि की सूचना भारतीय बॉयलर अधिनियम, 1923 की धारा 18 (1) की अपेक्षानुसार तत्काल बॉयलर निरीक्षक/मुख्य निरीक्षक वाष्पयंत्र, छत्तीसगढ़ को दी जावेगी एवं दुर्घटना होने के दिनांक से छूट की मान्यता समाप्त समझी जावेगी.

(2) उक्त अधिनियम की धारा 12 तथा 13 की अपेक्षानुसार मुख्य निरीक्षक वाष्पयंत्र, छत्तीसगढ़ के पूर्वानुमोदन के बिना संदर्भाधीन बॉयलर में किसी प्रकार का संरचनात्मक परिवर्तन अथवा नवीनीकरण नहीं किया जावेगा.

(3) संदर्भाधीन बॉयलर का सरसरी दृष्टि से निरीक्षण किये जाने पर यदि वह खतरनाक स्थिति में पाया गया तो यह छूट समाप्त हो जावेगी.

(4) नियतकालिक सफाई और नियमित रूप से गैस निकालने (रेग्युलर ब्लोडाउन) का कार्य किया जावेगा और उसका अभिलेख रखा जावेगा.

(5) मध्यप्रदेश बॉयलर निरीक्षण नियम 1969 के नियम 6 की अपेक्षानुसार संदर्भाधीन बॉयलर के संबंध में वार्षिक निरीक्षण शुल्क देय होने पर अग्रिम दी जावेगी, एवं

(6) यदि राज्य शासन आवश्यक समझे तो प्रश्नांकित छूट में संशोधन कर सकता है अथवा उसे वापस ले सकता है.

रायपुर, दिनांक 6 सितम्बर 2002

क्रमांक 2215/1239/2002/11/वा.उ.—इंडियन बॉयलर्स एक्ट, 1923 की धारा 34 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य शासन मे. कोरबा सुपर थर्मलपावर स्टेशन, कोरबा के बॉयलर क्रमांक एम. पी./3748 को निम्नलिखित शर्तों पर उक्त अधिनियम की धारा 6 (सी) के उपबंधों के प्रवर्तन से दिनांक 30-7-2002 से दिनांक 28-9-2002 तक के लिए छूट देता है :—

(1) संदर्भाधीन बॉयलर को पहुंचने वाली किसी भी हानि की सूचना भारतीय बॉयलर अधिनियम, 1923 की धारा 18 (1) की अपेक्षानुसार तत्काल बॉयलर निरीक्षक/मुख्य निरीक्षक वाष्पयंत्र, छत्तीसगढ़ को दी जावेगी एवं दुर्घटना होने के दिनांक से छूट की मान्यता समाप्त समझी जावेगी.

(2) उक्त अधिनियम की धारा 12 तथा 13 की अपेक्षानुसार मुख्य निरीक्षक वाष्पयंत्र, छत्तीसगढ़ के पूर्वानुमोदन के बिना संदर्भाधीन बॉयलर में किसी प्रकार का संरचनात्मक परिवर्तन अथवा नवीनीकरण नहीं किया जावेगा.

(3) संदर्भाधीन बॉयलर का सरसरी दृष्टि से निरीक्षण किये जाने पर यदि वह खतरनाक स्थिति में पाया गया तो यह छूट समाप्त हो जावेगी.

(4) नियतकालिक सफाई और नियमित रूप से गैस निकालने (रेग्युलर ब्लोडाउन) का कार्य किया जावेगा और उसका अभिलेख रखा जावेगा.

(5) मध्यप्रदेश बॉयलर निरीक्षण नियम 1969 के नियम 6 की अपेक्षानुसार संदर्भाधीन बॉयलर के संबंध में वार्षिक निरीक्षण शुल्क देय होने पर अग्रिम दी जावेगी, एवं

(6) यदि राज्य शासन आवश्यक समझे तो प्रश्नांकित छूट में संशोधन कर सकता है अथवा उसे वापस ले सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. के. तिवारी, संयुक्त सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 24 अगस्त 2002

क्रमांक 5612/डी-2034/21-ब (छग)/2002.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 233 के खण्ड-एक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, उच्च न्यायालय के परामर्श से एतद्द्वारा, निम्नलिखित मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी/अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारियों को आगामी आदेश होने तक तदर्थ पदोन्नति देकर फास्ट ट्रेक कोर्ट में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश के रूप में उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से नियुक्त करते हैं. उक्त नियुक्ति पूर्णत: तदर्थ रूप से रहेगी :—

(1) श्री भुवनेश्वर राम प्रधान,
(2) श्री खागेन्द्र सिंह,
(3) श्री अशोक कुमार पोतदार,
(4) श्री तुलाराम चुरेन्द्र,
(5) श्रीमती रजनी दुबे,
(6) श्री नीलम चन्दशंखला,
(7) श्री नरेश कुमार चन्द्रवंशी,
(8) श्री रविशंकर शर्मा,
(9) श्री विजयेन्द्रनाथ पाण्डे,
(10) श्री विनय कुमार तिवारी,
(11) श्री दीपक कुमार तिवारी,

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
टी. सी. यदु, प्रभारी प्रमुख सचिव.

रायपुर दिनांक 28 अगस्त 2002

शुद्धी-पत्र

क्रमांक 5682/डी-/छ.ग./21-ब/02.—इस विभाग के आदेश क्रमांक 5612/डी-2034/21-ब/छ.ग./2002 दिनांक 23-8-2002 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त आदेश के बिन्दु क्रमांक (10) पर अंकित नाम "श्री विनय कुमार तिवारी" के स्थान पर नाम "श्री विनय कुमार कश्यप" पढ़ा जावे.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सी. बी. बाजपेयी, उप-

रायपुर, दिनांक 16 सितम्बर 2002

क्रमांक 6003/1531/2002/21-ब.—भारतीय क्रिश्चियन विवाह अधिनियम, 1872 (क्रमांक 15 सन् 1872) की धारा 6 तथा 9 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन, धर्म-कर्म कराने वाले (मिनिस्टर आफ रिलीजन) पास्टर व्ही. एन. भेलवा, चर्च आफ जीसस क्राईस्ट, तारबहार, बिलासपुर को संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में भारतीय ईसाईयों के बीच :—

(1) विवाह अनुष्ठापित कराने, और

(2) भारतीय क्रिश्चियनों (ईसाईयों) के बीच होने वाले विवाहों के प्रमाण-पत्र देने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के संपूर्ण जिलों के लिए अनुज्ञप्ति मंजूर करता है.

Raipur, the 16th September 2002

No. 6003/1531/2002/21-B.—In exercise of the powers conferred by Section 6 and 9 of the Indian Christian Marriage Act, 1872 (No. 15 of 1872), the State Government are pleased to grant license to the Minister of Religion Paster V. N. Bhelwa, Church of Jesus Christ, Tarbahar, Bilaspur for the whole State of Chhattisgarh.

(1) The solemnise marriages, and

(2) To grant certifies of marriage between the Indian Christians.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अनुराधा खरे, उप-सचिव.

गृह (परिवहन) विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 3 सितम्बर 2002

क्रमांक F 1-3/दो/परिवहन/2002/8.—राज्य शासन एतद्द्वारा विधि एवं विधायी विभाग के आदेश क्रमांक फ./3 (ए)/4/2002/21-ब दिनांक 3-9-2002 द्वारा श्री आर. के. बेहार, जिला एवं सत्र न्यायाधीश की सेवाएं गृह (परिवहन) विभाग को सौंपने के फलस्वरूप श्री आर. के. बेहार सदस्य उच्च न्यायिक सेवा को राज्य परिवहन अपीलीय अधिकरण छत्तीसगढ़ रायपुर का पीठासीन अधिकारी कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक नियुक्त किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. के. विजयवर्गीय, अपर मुख्य सचिव.

गृह (पुलिस) विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 21 मई 2002

क्रमांक 9246/गृह/2002.—दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 (1974 का सं. 2) की धारा 2 के खण्ड (घ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए तथा नीचे दी गई सारणी में उल्लेखित किए गए स्थानीय क्षेत्रों को प्रभावित करने वाली पूर्व अधिसूचनाओं में आंशिक रूप से भेद करते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा—

1. नीचे दी गई सारणी के कॉलम नं. (2) में दर्शित पुलिस थानों से उक्त सारणी के कॉलम नं. (4) की तत्संबंधी प्रविष्टि में उल्लेखित किए गए स्थानीय क्षेत्रों को अपवर्जित करता है, और

2. यह निर्देश देता है कि उक्त सारणी के कॉलम (4) में उल्लेखित किया गया स्थान क्षेत्र उक्त सारणी के कॉलम (3) की तत्संबंध प्रविष्टि में सम्मिलित किया जाय.

सारणी

क्र.	उस थाना/चौकी का नाम तह. जिला सहित जिसमें से अपवर्जित किया गया	उस थाना/चौकी का नाम तह. जिला सहित जिसमें से शामिल किया जाना है	ग्राम का नाम	पटवारी हल्का नं. बंदोबस्त
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	थाना चांपा तह. व जिला., जांजगीर-चांपा.	चौकी उरगा, थाना कोरबा तह. व जिला, कोरबा.	1. बगदरा	6
			2. फुलझर	6
			3. दर्राभाठा	6
			4. छुईया	8
			5. नवापारा	6
			6. सुखरीकला	7
			7. सराईपाली	6
			8. टोन्डा	8
			9. ठिठोरा	8
			10. देवलापाट	6
			11. फरसवानी	6
			12. रींवापार	6
			13. उमरेली	7
			14. अमलडीहा	7
			15. सुखरीखुर्द	7
			16. कर्रापाली	8
			17. लिमगांव	8

रायपुर, दिनांक 21 मई 2002

क्रमांक 9252/गृह/2002.—दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 (1974 का सं. 2) की धारा 2 के खण्ड (घ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए तथा नीचे दी गई सारणी में उल्लेखित किए गए स्थानीय क्षेत्रों को प्रभावित करने वाली पूर्व अधिसूचनाओं में आंशिक रूप से भेद करते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा शासन आदेश क्रमांक एफ-3/38/गृह/2001, दिनांक 14-8-2001 जारी दिनांक से—

1. नीचे दी गई सारणी के कॉलम नं. (2) में वर्णित पुलिस थानों से उक्त सारणी के कॉलम नं. (4) की तत्संबंधी प्रविष्टि में उल्लेखित किए गए स्थानीय क्षेत्रों को अपवर्जित करता है, और

2. यह निर्देश देता है कि उक्त सारणी के कॉलम (4) में उल्लेखित किया गया स्थान क्षेत्र उक्त सारणी के कॉलम (3) की तत्संबंध प्रविष्टि में सम्मिलित किया जाय.

सारणी

क्र.	उस थाना/चौकी का नाम तह. जिला सहित जिसमें से अपवर्जित किया गया	उस थाना/चौकी का नाम तह. जिला सहित जिसमें से शामिल किया जाना है	ग्राम का नाम	पटवारी हल्का नं. बंदोबस्त क्र.
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	थाना अंबिकापुर तहसील व जिला सरगुजा	थाना अंबिकापुर देहात तहसील व जिला सरगुजा.	1. बलसेड़ी	1
			2. खलिया	2
			3. चठिरमा	3
			4. मेण्ड्रा खुर्द	4
			5. लोटा बहरा	6
			6. डिगमा	7
			7. भगवानपुर	8
			8. फुदड़िहारी (गांधीनगर)	9
			9. नमनाकला	10
			10. केशवपुर	12
			11. हर्राटिकरा	13
			12. गंगापुर खुर्द	14
			13. आमगांव	16
			14. डूमरपारा	20
			15. घोर	21
			16. लब्जी	22
			17. कालापारा	37
			18. कुल्हाडी	48
			19. मंजीरा	62
			20. कल्याणपुर	105
			21. पोडिया	116
			22. रामेश्वरपुर	144
			23. छतरपुर	145
			24. सरगंवा	157
			25. सकालो	158
			26. नर्मदापारा	159
			27. चिखलाडीह	160
			28. धंधरी	161
			29. रूपपुर	162
			30. अखोरा	166
			31. ठाकुरपुर	168
			32. बकिरमा	227
			33. विशुनपुरकला	257
			34. धनगवा	261
			35. सोनपुरखुर्द	303
			36. रनपुर कला	315

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
			37. सपना	352
			38. सुखरी	370
			39. बिसुनपुर खुर्द	11

रायपुर, दिनांक 21 मई 2002

क्रमांक 9254/गृह/2002.—दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 (1974 का सं. 2) की धारा 2 के खण्ड (घ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए तथा नीचे दी गई सारणी में उल्लेखित किए गए स्थानीय क्षेत्रों को प्रभावित करने वाली पूर्व अधिसूचनाओं में आंशिक रूप से भेद करते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा शासन आदेश क्रमांक एफ-3/38/गृह/2001, दिनांक 14-8-2001 जारी दिनांक से—

1. नीचे दी गई सारणी के कॉलम नं. (2) में वर्णित पुलिस थानों से उक्त सारणी के कॉलम नं. (4) की तत्संबंधी प्रविष्टि में उल्लेखित किए गए स्थानीय क्षेत्रों को अपवर्जित करता है, और

2. यह निर्देश देता है कि उक्त सारणी के कॉलम (4) में उल्लेखित किया गया स्थान क्षेत्र उक्त सारणी के कॉलम (3) की तत्संबंध प्रविष्टि में सम्मिलित किया जाय.

सारणी

क्र.	उस थाना/चौकी का नाम तह. जिला सहित जिसमें से अपवर्जित किया गया	उस थाना/चौकी का नाम तह. जिला सहित जिसमें से शामिल किया जाना है	ग्राम का नाम	पटवारी हल्का नं.
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	थाना सिविल लाइन तहसील जिला रायपुर.	थाना तेलीबांधा तहसील व जिला रायपुर.	1. तेलीबांधा	28
			2. मालीपारा	28
			3. काशीरामनगर	33
			4. लामाण्डी	113
			5. पुरैना	113
			6. अमलीडीह	114
			7. आनंदनगर	28
			8. जोरा	112
			9. श्यामनगर	32
			10. फुडहर	114
			11. महावीर नगर	113
			12. बसंत बिहार	113
			13. अवन्ति बिहार	28
			14. कृषि महाविद्यालय	113
			15. विजय नगर	113

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
2.	थाना मंदिर हसौद तहसील व जिला रायपुर.		16. छेरीखेडी	112
3.	थाना माना तहसील व जिला रायपुर.		17. टेमरी	115
			18. धरमपुरा	115

रायपुर, दिनांक 21 मई 2002

क्रमांक 9256/गृह/2002.—दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 (1974 का सं. 2) की धारा 2 के खण्ड (घ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए तथा नीचे दी गई सारणी में उल्लेखित किए गए स्थानीय क्षेत्रों को प्रभावित करने वाली पूर्व अधिसूचनाओं में आंशिक रूप से भेद करते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा शासन आदेश क्रमांक एफ-3/38/गृह/2001 दिनांक 14-8-2001 जारी दिनांक से—

1. नीचे दी गई सारणी के कॉलम नं. (2) में वर्णित पुलिस थानों से उक्त सारणी के कॉलम नं. (4) की तत्संबंधी प्रविष्टि में उल्लेखित किए गए स्थानीय क्षेत्रों को अपवर्जित करता है, और

2. यह निर्देश देता है कि उक्त सारणी के कॉलम (4) में उल्लेखित किया गया स्थान क्षेत्र उक्त सारणी के कॉलम (3) की तत्संबंध प्रविष्टि में सम्मिलित किया जाय.

सारणी

क्र.	उस थाना/चौकी का नाम तह. जिला सहित जिसमें से अपवर्जित किया गया	उस थाना/चौकी का नाम तह. जिला सहित जिसमें से शामिल किया जाना है	ग्राम का नाम	पटवारी हल्का नं.
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	थाना कुनकुरी तहसील कुनकुरी जिला जशपुरनगर (छ. ग.).	चौकी दुलदुला थाना कुनकुरी तहसील कुनकुरी जिला जशपुरनगर.	1. दुलदुला	21
			2. विपतपुर	19
			3. बनगांव	20
			4. सिमडा	22
			5. मयरूबूंदी	22
			6. जामचुआ	22
			7. चटकपुर	21
			8. खुटीटोली	21
			9. डडाडही	21
			10. पतराटोली	16
			11. छेरडांड	16
			12. लोरी	16
			13. खूटीटोली (लारा)	16
			14. बम्हनी	15
			15. खंटगा	15

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
			16. मुराडीटोली	15
			17. संपधारा	20
			18. कांटासारू	20
			19. घुटघुटी	20
			20. जागझरिया	20
			21. डाडपानी	20
			22. पगुराटागर	19
			23. कोरना	19
			24. गांगीमूण्डा	19
			25. रायडीह	18
			26. गीधासाड	18
			27. घूमाडाड	16
			28. घाघअम्बा	22
			29. फोटकोसगर	22
			30. बंगुरकेला	20
			31. वासुदेवपुर	15
			32. बरपानी	20
			33. बुकना	वन ग्राम
			34. बाडोछापर	16
			35. श्रीटोली	16
			36. सिमरिकेला	21
			37. साजापानी	22
			38. टांगरटोली	19

रायपुर, दिनांक 21 मई 2002

क्रमांक 9258/गृह/2002.—दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 (1974 का सं. 2) की धारा 2 के खण्ड (घ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए तथा नीचे दी गई सारणी में उल्लेखित किए गए स्थानीय क्षेत्रों को प्रभावित करने वाली पूर्व अधिसूचनाओं में आंशिक रूप से भेद करते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा शासन आदेश क्रमांक एफ-3/38/गृह/2001, दिनांक 14-8-2001 जारी दिनांक से—

1. नीचे दी गई सारणी के कॉलम नं. (2) में वर्णित पुलिस थानों से उक्त सारणी के कॉलम नं. (4) की तत्संबंधी प्रविष्टि में उल्लेखित किए गए स्थानीय क्षेत्रों को अपवर्जित करता है; और

2. यह निर्देश देता है कि उक्त सारणी के कॉलम (4) में उल्लेखित किया गया स्थान क्षेत्र उक्त सारणी के कॉलम (3) की तत्संबंध प्रविष्टि में सम्मिलित किया जाय.

सारणी

क्र.	उस थाना/चौकी का नाम तह. जिला सहित जिसमें से अपवर्जित किया गया	उस थाना/चौकी का नाम तह. जिला सहित जिसमें से शामिल किया जाना है	ग्राम का नाम	पटवारी हल्का नं.
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	अ-थाना बरमकेला तह. सारंगढ़ जिला रायगढ़.	पुलिस चौकी डोंगरीपाली तहसील सारंगढ़ जिला रायगढ़.	1. डोंगरीपाली	50
			2. दमदमा	50

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
			3. दुलोपाली	50
			4. पुरेनपाली	50
			5. विष्णुपाली	50
			6. मुगियाडीह	50
			7. सोनवला	50
			8. गिंडोला	50
			9. घोघरा	50
			10. लेन्धरा	50
			11. कस्तुरामाल	50
			12. कोकबहाल	50
			13. झिकीपाली	50
			14. कदली सरार	51
			15. खैरट	51
			16. भौरडीह	51
			17. डुमरपाली	51
			18. परसकोल	51
			19. परधियापाली	51
			20. बेहराबहाल	51
			21. मराली	51
			22. भालूपाली	51
			23. रंगाडीह	51
			24. सहजबहाल	51
			25. सीहोर	51
			26. बिरनीपाली	51
			27. अकबरटोला	48
			28. अगलीपाली	48
			29. कर्रामाल	48
			30. कमलापानी	48
			31. करपी	48
			32. केरकेली	48
			33. छिंदछोरा	48
			34. खम्हरिया	48
			35. जगदीशपुर	48
			36. डिडाडीहबिसन	48
			37. महुवापाली	48
			38. मजूरपाली	48
			39. हट्टापाली	48
			40. आमापाली	48
			41. कालाखुटा	48
			42. छैलमांठा	48
			43. जामदलखा	48

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
			44. परधियापाली	48
			45. जोगनीपाली	48
			46. ढोसरबहार	48
			47. तरेकेला	48
			48. वनहर	48
			49. सराईपाली अधरिया	48
			50. जीरापाली	48
			51. झाल	48
			52. पतेरापाली	48
			53. बनवासपाली	48
			54. लीमपाली	48
			55. सेमरापाली	48

रायपुर, दिनांक 21 मई 2002

क्रमांक 9260/गृह/2002.—दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 (1974 का सं. 2) की धारा 2 के खण्ड (घ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए तथा नीचे दी गई सारणी में उल्लेखित किए गए स्थानीय क्षेत्रों को प्रभावित करने वाली पूर्व अधिसूचनाओं में आंशिक रूप से भेद करते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा शासन आदेश क्रमांक एफ-3/38/गृह/2001, दिनांक 14-8-2001 जारी दिनांक से—

1. नीचे दी गई सारणी के कॉलम नं. (2) में वर्णित पुलिस थानों से उक्त सारणी के कॉलम नं. (4) की तत्संबंधी प्रविष्टि में उल्लेखित किए गए स्थानीय थानों को अपवर्जित करता है, और

2. यह निर्देश देता है कि उक्त सारणी के अंतर्गत (1) में उल्लेखित किया गया स्थान क्षेत्र उक्त सारणी के कॉलम (3) की तत्संबंध प्रविष्टि में सम्मिलित किया जाय.

सारणी

क्र.	उस थाना/चौकी का नाम तह. जिला सहित जिसमें से अपवर्जित किया गया.	उस थाना/चौकी का नाम तह. जिला सहित जिसमें से शामिल किया जाना है.	ग्राम का नाम	पटवारी हल्का नं.
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	2. रायगढ़ (अ) थाना कोतवाली तह. व रायगढ़.	थाना कोतरारोड तहसील व जिला रायगढ़.	1. कोतरा,	9
			2. धनागर	11
			3. जामपाली	3
			4. उसरौट	9
			5. डूमरपाली	3
			6. देवरी	4
			7. लेवड़ा	4

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
			8. बनहर	3
			9. चारभांठा	4
			10. तारापुर	9
			11. बीकरामुडा	8
			12. वरपाली	8
			13. नंदेली	5
			14. सरडांगाल	5
			15. रानीगुडा	5
			16. कुरापुरा	3
			17. केनापाली	11
			18. जोरापाली	11
			19. बालमगोडा	9
			20. कोरामनारा	11
			21. कमली	14
			22. पतरापाली	14
			23. चिराईपानी	14
			24. परसदा	2
			25. केराझर	1
			26. कुशवाबहरी	1
			27. गढ़कुर्री	1
			28. डोंगीराई	1
			29. पंडरीपानी	1
			30. काशीचुंवा	1
			31. उच्चभिठ्ठी	2
			32. किरोडीमल नगर	2
			33. कोकडी तराई	2
			34. कोमसपाली	2
			35. खैरपुर	14
			36. कृष्णापुर	14
			37. सराईपाली	14
			38. रामपुर	2
			39. डोंगाढकेला	1
			40. मुरारीपाली	2
			41. भगवानपुर	14
			42. गोरखा	14
			43. टीपाखोल	14
			44. मेजामुडा	2
			45. कोडतराई	2
			46. बरमुड़ा	14
			47. टेका	26
			48. महुआपाली	8
			49. बंधनपुर	3

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
	"ब" थाना खरसिया तहसील खरसिया	थाना कोतरारोड तहसील व जिला रायगढ़.	50. बेसपाली	6
